राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>बिहार लोक भवन, पटना–800022</u>

संख्या–41/2026

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने कुलपतियों के साथ बैठक की

पटना 30 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में बिहार के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक की तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता तथा छात्रहित से जुड़े अनेक विषयों पर महत्वपूर्ण निदेश दिए।

बैठक में राज्यपाल ने कुलपतियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उन्हें सक्षम, सशक्त एवं आत्मविश्वासी नेतृत्व का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुलपति बिना किसी दबाव के स्वतंत्र रूप से निर्णय लें, क्योंकि वे अपने अनुभव और जमीनी समझ के आधार पर विश्वविद्यालयों की समस्याओं का बेहतर समाधान करने में समर्थ हैं।

राज्यपाल ने परीक्षा प्रणाली की समयबद्धता को अत्यंत आवश्यक बताते हुए निदेश दिया कि परीक्षाओं का आयोजन, परीक्षाफल का प्रकाशन तथा प्रमाण–पत्रों का वितरण निर्धारित समय–सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं में विलंब होने से विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अतः इस दिशा में विशेष सतर्कता और उत्तरदायित्व आवश्यक है।

उन्होंने विश्वविद्यालयों में पत्रकारिता एवं जन–संचार विभाग की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विगत दो दशकों में बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राज्य की सीमाओं से बाहर व्यापक स्तर पर पहुँचाने के लिए प्रभावी जन–संचार व्यवस्था अनिवार्य है।

राज्यपाल ने नेतृत्व के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपसी विश्वास किसी भी संस्थान की सफलता का आधार होता है। उन्होंने कुलपतियों से अपेक्षा की कि वे अपने सहयोगियों पर विश्वास करते हुए एक सकारात्मक कार्य वातावरण का निर्माण करें।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के माननीय मंत्री ने राज्य में उच्च शिक्षा की बेहतरी के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा अनेक विषयों पर कुलपतियों की समस्याओं के समाधान के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा पर खर्च के मामले में बिहार देश में चौथे स्थान पर है।

आगे पृष्ठ.....2 पर

इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति, विश्वविद्यालयों से संबंधित प्रमुख मुद्दों तथा आगामी कार्य–बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

राज्यपाल की अध्यक्षता में आहूत इस बैठक में माननीय शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री राजीव रौशन, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रो० गिरीश कुमार चौधरी, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो० एन० के० अग्रवाल, बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....